

पेज -3 पर
गौठान से केंचुआ बेचकर बीरा बाई को हुई 84 हजार रुपये की आय ...

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 206 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, रविवार 5 जून 2022

करोड़ों की लागत से बना भवन हो गया खंडहर
पेज -4 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने दी 39.75 करोड़ राशि के 106 विकास कार्यों की सौगात



**रायपुर।** अपने भानुप्रतापपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा भानुप्रतापपुर के लोगों को 39.75 करोड़ रुपए के 106 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। उन्होंने 30.10 करोड़ रूपयों के 101 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 9.64 करोड़ रूपयों के 05 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। श्री बघेल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 13.64 करोड़ रूपयों के 20 विकास कार्यों, जल संसाधन विभाग के 4.83 करोड़ रूपयों के 02 विकास कार्यों, समग्र शिक्षा अंतर्गत शाला भवन निर्माण हेतु 21.85 लाख रूपयों, लोक निर्माण विभाग के 4.22 करोड़ रूपयों के 02 विकास कार्यों, जिला खनिज संसथान न्यास निधी के द्वारा 6.93 करोड़ लागत के 76 विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। उन्होंने जल संसाधन विभाग के 3.46 करोड़ लागत के 02 विकास कार्यों, 5.71 करोड़ लागत से बने लोक निर्माण विभाग के 02 विकास कार्यो तथा सीएससी दुर्गूकोंदल में 46.95 लाख लागत से बने ऑपरेशन कक्ष का लोकार्पण भी किया।

## 6 जून को बस्तर में तूफानी मौसम, पर मानसून थोड़ा दूर, 16 को रायपुर पहुंचने की संभावना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मैदानी जिले लू की चपेट में हैं। ऐसा राजस्थान और गुजरात से आ रही उत्तर पश्चिम हवाओं की वजह से हुआ है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि ऐसी स्थिति सोमवार तक बनी रहेगी। उसके बाद कुछ स्थानों पर बरसात होने से स्थिति सामान्य हो सकती है। सोमवार से बस्तर संभाग के जिलों में अंधड़ और आकाशीय बिजली गिरने की संभावनाओं वाला मौसम बनेगा।



छत्तीसगढ़ में जून का मौसम वैसे भी सबसे गर्म होता है। इस बीच देश के दूसरों इलाकों में पड़ रही भीषण गर्मी का असर भी यहां के मौसम पर दिख रहा है। रायपुर से कोरबा और रायगढ़ से राजनांदगांव तक के पूरे ब्लॉक में दिन का तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस तक ऊपर चला गया है। वहीं रात का तापमान भी सामान्य से बहुत अधिक है।

मौसम विभाग ने बताया है कि अगले दो दिनों तक राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, महासमुंद, बलौदा बाजार, बेमेतरा, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ जिलों में लू चल सकती है अथवा लू की स्थिति बन सकती है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया, इस मौसम में वैसे भी सूर्य की गर्मी से

### तीन दिन और सताएंगे लू के थपेड़े

सतह काफी गर्म हो जाती है। ऊपर से छत्तीसगढ़ के मध्य भाग में गुजरात और राजस्थान से उत्तर-पश्चिम हवा आ रही है। यह अपेक्षाकृत काफी गर्म है। इसकी वजह से लू जैसी स्थिति बन रही है। मौसम का यह रूप सोमवार तक बना रह सकता है। उसके बाद कुछ हिस्सों में छिटपुट बरसात से तापमान कम होगा। हालांकि उसके बाद हवा में नमी की मात्रा बढ़ने से उमस बढ़ जाएगी।

मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। वहीं एक द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से नगालैण्ड तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। इसके बाद भी प्रदेश का मौसम मुख्य रूप से सूखा रहने की ही संभावना है। अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। लेकिन इसमें कोई गिरावट भी नहीं होगी।

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इस बार मानसून पिछले अनुमानों से थोड़ी धीमी गति से आगे बढ़ रहा है।

### छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को मिले दो और राज्यसभा सांसद

## रंजीत रंजन और राजीव शुक्ला निर्विरोध चुने गए,विधानसभा सचिव ने दिया सर्टिफिकेट

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नए राज्यसभा सदस्य अब चुन लिए गए हैं। बिना किसी विरोध के रंजीत रंजन और राजीव शुक्ला को सांसद के तौर पर चुन लिया गया। छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा ने दोनों के सर्टिफिकेट दिए। रंजीत रायपुर पहुंची हुई थीं, मगर सर्टिफिकेट लेने राजीव शुक्ला नहीं आए, उन्होंने अपने भाई को भेजा था।

दरअसल छत्तीसगढ़ से दो सांसदों रामविचार नेताम एवं छाया वर्मा का कार्यकाल 29 जून को समाप्त हो जाएगा। इसके बाद ये नए सदस्य चुने गए हैं। दोनों को टिकट दिए जाने को लेकर प्रदेश में स्थानीय नेताओं के अपमान का आरोप बीजेपी लगाती रही। मगर अब राजीव शुक्ला और रंजीत रंजन छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सदस्य बन चुके हैं।



### यूपीए सरकार में मंत्री थे राजीव

राजीव शुक्ला पत्रकारिता से राजनीति में आए। मनमोहन सरकार में मंत्री बने,क्रिकेट के लिए भी जाना-पहचाना नाम है। रंजीत बिहार के राजनेता राजेश रंजन (पप्पू यादव) की पत्नी हैं। अभी कांग्रेस प्रवक्ता हैं। 2014 में चुनाव जीतकर सांसद बनी थीं।

### कांग्रेस के अब 4 राज्यसभा सांसद

कांग्रेस के दो नेता केटीएस तुलसी और फूलोदेवी नेताम राज्यसभा में पहले से ही हैं। यहां विधानसभा में कुल 90 सदस्य हैं। इनमें से कांग्रेस के 71, भाजपा के 14, जोगी कांग्रेस के 3 और बसपा के 2 विधायक हैं। विधानसभा में सीटों के हिसाब से राजीव और रंजीत का चुना जाना भी तय ही माना जा रहा था जो कि हुआ भी। अब छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के 4 राज्यसभा सांसद हो गए। भाजपा से केवल सरोज पांडेय ही राज्यसभा में हैं।

## लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने संवेदनशीलता के साथ काम करें: मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि आम जनता कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। साथ ही राज्य सरकार के निर्देशों पर गंभीरता से अमल करें।



मुख्यमंत्री श्री बघेल भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान आज भानुप्रतापपुर में अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में विधानसभा उपाध्यक्ष श्री मनोज सिंह मण्डावी, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री राजेश तिवारी, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ.एस.भारतीदासन भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भेंट-मुलाकात के दौरान दिव्यांग बच्चों द्वारा पढ़ाई की सुविधा और

**मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जरूरी उपाय करें**

**हाट बाजार क्लिनिक की संख्या बढ़ाएं**

**ओरछा में लीची की नर्सरी विकसित करें**

**मुख्यमंत्री ने भानुप्रतापपुर में की योजनाओं की समीक्षा**

सहायक उपकरणों की मांग की जा रही है। अधिकारी ऐसे बच्चों की पढ़ाई के लिए आवश्यक व्यवस्था करें। स्कूलों में जाति प्रमाण पत्र बनाने की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्थाई जाति प्रमाण पत्र बनाते समय पूरी जानकारी एकत्र की जाए, ताकि स्थाई जाति प्रमाण पत्र बनाने में कठिनाई न हो। उन्होंने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में 16 जून तक शिक्षकों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## वांटेड कांग्रेसी नेता फरार

### खुदकुशी कर चुके त्नस्न्न कर्मी का बेटा बोला- पुलिस उसे पकड़ नहीं रही, वो अदालत में जमानत की अर्जी दे रहा

**रायपुर।** जीएसटी कर्मी को खुदकुशी के लिए उकसाने के मामले में फरार कांग्रेसी नेता आकाशदीप गिल, उसके रिश्तेदार जगबीर गरचा और सहयोगी गंगाराम पिछले कुछ महीनों से फरार चल रहे हैं। पुलिस अब तक इन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाई है। दूसरी तरफ यह शातिर अदालतों में अपने जमानत की अर्जी लगवा रहे हैं। इनसे तंग आकर खुदकुशी करने वाले जीएसटी कर्मी गंगा प्रसाद के बेटे राकेश मारकंडे ने इस मामले में रायपुर के एसएसपी प्रशांत अग्रवाल से मुलाकात की। एक ज्ञापन देकर राकेश ने कहा कि आरोपी अदालत में जमानत की अग्रिम याचिकाएं दे रहे हैं, पुलिस को उन्हें गिरफ्तार कर लेना चाहिए। इस पर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में लगी हुई है। आरोपियों की जानकारी देने वाले को 20 हजार रुपए ईनाम देने का एलान भी किया गया है।



### रसूखदारों को बचाने का शक

राकेश मारकंडे ने शक जाहिर करते हुए कहा कि कहीं ना कहीं पुलिस जानबूझकर इन रसूखदार आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। ताकि उन्हें जमानत मिल जाए और गिरफ्तारी का झंझट खत्म हो जाए। आकाशदीप गिल कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा का नेता है। उसके रिश्तेदार ट्रांसपोटर जगमीर गरचा रायपुर के सिविल लाइन इलाके के रहने वाले हैं । खुदकुशी कर चुके जीएसटी कर्मी का परिवार अब इस उम्मीद में है कि इन रसूखदार आरोपियों को पुलिस वक्त रहते गिरफ्तार कर ले। राकेश ने बताया कि 17 मई को भी आरोपियों की तरफ से रायपुर की अदालत में जमानत की याचिका दी गई थी हमारे विरोध की वजह से वह याचिका खारिज कर दी गई ।

## स्वच्छ पर्यावरण स्वस्थ जीवन की अनिवार्य दशा है, इसका संरक्षण करें- राज्यपाल

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देश-प्रदेश के समस्त नागरिकों से आह्वान किया है कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें। साथ ही इसके संरक्षण के लिए एकजुट होकर प्रयास करें।



राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि हमारा पर्यावरण प्रकृति का अनमोल उपहार है और इसे हमें अपने और आने वाली पीढ़ी के लिए सहेज कर रखना होगा। प्राचीनकाल में हमारा जीवन प्रकृति पर आश्रित था और हम उनके महत्व को समझते थे। तब प्रकृति संतुलन की स्थिति में थी, परन्तु आज हमने अंधाधुंध विकास के नाम पर प्रकृति को असंतुलित कर दिया गया है। इसके कारण पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, बाढ़, सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सामना हमें करना पड़ रहा है। अब समय आ गया है कि हम सजग हों और पर्यावरण को बचाएं, अन्यथा इसके गंभीर परिणाम होंगे। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमें दृढ़ संकल्पित रहते हुए कार्य करना होगा। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि अपने आसपास के स्थान को स्वच्छ बनाएं, नदी, तालाब और अन्य जल स्त्रोतों को दूषित होने से बचाएं । कम होते भू-जल स्तर के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए उन्होनें भू-जल के संर्वधन और संरक्षण के लिए जनता से आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि समस्त अभिभावक स्वयं पर्यावरण के महत्व को समझें और अपने बच्चों को भी इसके महत्व को समझाएं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि आप सभी वृक्षारोपण करने, प्लास्टिक का उपयोग न करने का संकल्प लें।

## केंद्रीय मंत्री पहुंचे रायपुर



**रायपुर।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू रायपुर पहुंचे हुए हैं। शनिवार की सुबह दोनों ही दिल्ली से रायपुर आए। एयरपोर्ट पर मीडिया दोनों केंद्रीय मंत्रियों से बातचीत करना चाहती थी,मगर दोनों ही बातचीत से बचते नजर आए। इन नेताओं ने भाजपा और अपने विभाग के लोगों से मुलाकात की। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही स्मृति ईरानी ने जब बाहर मीडिया को देखा तो फौरन अपनी गाड़ी में बैठ गई और तय कार्यक्रम के लिए रवाना हो गई। किरण रिजिजू मीडिया के आग्रह पर बात करने आए कहा केंद्र की मोदी सरकार के 8 साल बेहद शानदार रहे हैं और देश में ऐतिहासिक काम हुए हैं । जैसे ही मीडिया ने महंगाई पर सवाल पूछा रिजिजू ने कहा- बाद में बात करते हैं, यह कहकर वो भी निकल गए।

### इन कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं केंद्रीय मंत्री

सुबह स्मृति इरानी नया रायपुर के ग्राम उपरवारा के आंगनबाड़ी केंद्र गईं। यहां बच्चों और महिलाओं के बीच कुछ वक्त बिताया। केंद्रीय योजनाओं की जानकारी ली। इसके बाद वो सेरीखेड़ी रायपुर स्थित हुकुम ललित महल होटल पहुंचीं। यहां स्मृति इरानी ने जोनल मीटिंग में शामिल होकर भाजपा नेताओं से चर्चा की।

**सराहना...** श्रीमती भेंड़िया ने महिलाओं में एनीमिया तथा शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए साझा प्रयास पर जोर दिया

## पोषण अभियान के लिए छत्तीसगढ़ को फिर मिली सराहना

रायपुर। मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने आंगनबाड़ी भवन, आंगनबाड़ीआजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी की अध्यक्षता में राजधानी रायपुर के सेरीखेड़ी स्थित एक होटल में आयोजित सब जोनल मीटिंग में महिलाओं और बच्चों के लिए छत्तीसगढ़ में संचालित हो रहे कामों को सराहना मिली।





जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

केन्द्रीय सचिव श्री इंदिवर पाण्डे ने बताया कि छत्तीसगढ़ में पोषण अभियान में अच्छा काम हुआ है। रायपुर के सखी सेंटर को भी नारी शक्ति सम्मान मिल चुका है। देश में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आगामी 25 वर्षों के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में महिलाओं और बच्चों के लिए किए गए कामों, उपलब्धियों और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ की महिला और बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने बैठक में आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि और मॉडल आँगनबाड़ी भवनों के लिए केंद्रीय सहयोग की मांग की। उन्होंने योजनाओं और कार्यक्रमों के विस्तार और सुचारू संचालन के लिए केन्द्रीय सहायता की आवश्यकता बताई। बैठक में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मुंजपरा महेन्द्रभाई, सांसद श्रीमती छाया वर्मा और छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती तेजकुंवर नेताम भी उपस्थित थीं। छत्तीसगढ़ के साथ पश्चिम बंगाल और ओडिशा राज्य के जन प्रतिनिधिगण, उच्च अधिकारीगण और यूनिसेफ सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, हितग्राही भी सब जोनल मीटिंग में शामिल हुए।

## पोड़गांव में टोंगराज बाबा का मंदिर श्रद्धालुओं को समर्पित

**रायपुर।** अंतागढ़ परगना के आये सभी देवताओं की मुख्यमंत्री ने की पूजा-अर्चनाभेंट-मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज अंतागढ़ विधानसभा के पोडगांव ग्राम पहुंचे। मुख्यमंत्री ने अंतागढ़ परगना के सिपाही माने जाने वाले टोंगराज बाबा के मंदिर के नए स्वरूप को जनता को समर्पित किया। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार जगदलपुर के प्रथम राजा अन्नमदेव के द्वारा अपने राज्य के अंतिम छोर पर बसे अंतागढ़ विधानसभा के पोड़गांव में राज्य की सरहद की रक्षा के लिए टोंगराज बाबा की प्रतिमा को स्थापित करवाया गया था। आज मंदिर के लोकार्पण पर मां दंतेश्वरी के अंगरक्षक माने जाने वाले देवताओं को भी टोंगराज बाबा के मंदिर में लाया गया था, इसमें क्षेत्र के प्रमुख देव माने जाने वाले कोसर्रा डोकरा बाबा एवं अन्य रक्षक अंतागढ़ की देवता देवली दाई, नयापारा के चूंगा बाबा की भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पारंपरिक विधि विधान से पूजा अर्चना की और ग्राम की रक्षा की कामना देवी देवताओं से की।



अंतागढ़ परगना के आये सभी देवताओं की मुख्यमंत्री ने की पूजा-अर्चना

